दिनांकः 13.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

पीएम कुसुम सौर पम्प संयंत्र स्वीकृति–पत्र का वितरण समारोह आज जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में हो रहे इस समारोह में विभिन्न स्थानों से किसान पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों को स्वीकृति–पत्र सौंपेंगे। कृषि और उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की उपलब्धता पर निर्भर नहीं रहना पड़े, इसके लिए खेतों में सोलर पम्प लगाने के लिए लगभग 50 हजार किसानों को स्वीकृतियां जारी की गई हैं। इस पर 1 हजार 830 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जिसमें से 908 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में किसानों को दिये जाएंगे।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लगभग सवा लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में स्थित हैं। इस कदम से भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास में मदद मिलेगी। भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का नेतृत्व करने में सक्षम बनाने के लिए केन्द्र ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है। इस पहल से देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित भी किया। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी, आईआईईएम, और अन्य शीर्ष संस्थानों सहित 1 हजार 814 संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वंचित वर्गों के लिए ऋण सहायता प्रदान करने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री मोदी, प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण–पीएम सूरज के राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ करेंगे और वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों को ऋण सहायता देने की स्वीकृति देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कर्मचारियों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र–नमस्ते के तहत सफाई मित्रों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित करेंगे। यह पहल चुनौतीपूर्ण माहौल में काम कर रहे अग्रिम क्षेत्र के कर्मचारियों को स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षा प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लगभग तीन लाख लाभार्थी भाग लेंगे। ये कर्मचारी देशभर के पांच सौ से अधिक जिलों से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश में विभिन्न जिलों में कार्यक्रम से लाभार्थी वर्चुअली जुडेंगे।

....

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तीन लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक विज्ञप्ति के अनुसार एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से कैडेट्स शामिल किए जाने की संभावना है। इस योजना के तहत चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाईयों की स्थापना भी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि योजना में पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है।

....

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और डीडी न्यूज की संशोधित वेबसाइटों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर श्री ठाकुर न्यूज ऑन एआईआर के संशोधित एप और प्रसार भारती के प्रसारणों के प्रचार के लिए ऑडियो–विजुअल माध्यम 'शब्द' भी लॉन्च करेंगे।

....

सांचौर के कारोला फांटा के पास देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा एक तेज रफ्तार कार के आगे चल रहे डंपर में घुस जाने से हुआ। हादसे में कार सवार चाचा–भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

....

प्रदेश में 1 अप्रेल से ई–ड्राईविंग लाईसेन्स और ई–पंजीयन प्रमाण पत्र की सुविधा शुरू होगी। इसके लिए आवेदक को ड्राईविंग लाईसेन्स और वाहन पंजीयन से संबंधित किसी भी सेवाओं के लिए स्मार्ट कार्ड जारी नहीं किये जाएंगे। आवेदकों को स्मार्ट कार्ड शुल्क का 200 रुपये का भुगतान भी नहीं करना होगा।

....